# University in News on 18 July 2025

## HINDUSTAN PAGE 8

# एलयू: पीजी के छह विषयों में 2622 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**मिशन एडमिशन**

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं होंगी। इन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश पत्र पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। दो पाली में पीजी के छह विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा में 2622 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसके मद्देनजर प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से निर्देश जारी हैं।

प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे और द्वितीय पाली की दोपहर तीन से शाम 04:30 बजे तक होगी। प्रथम पाली में अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी व गणित और द्वितीय पाली में फॉरेंसिक साइंस, एमपीएड व राजनीति विज्ञान विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवक्ता के मुताबिक, प्रातः 1330 और सायंकालीन में 1292 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इस तरह से पहले दिन कुल 2622 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

**कुंजी जारी:** वहीं स्नातक के पांच पाठ्यक्रमों की उत्तर कुंजी घोषित कर दी गई है। जिसे एलयू की वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव जानकारी दी।

### केकेसी में मेरिट आज होगी जारी, 19 से काउंसलिंग

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में स्नातक की प्रथम मेरिट सूची शुक्रवार को जारी होगी। जिसे अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर देख सकेंगे। प्राचार्य की ओर से सूचना भी जारी कर दी गई है। प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी गणित, बीएससी बायो, बीएससी सांख्यिकी, बीएससी कंप्यूटर साइंस की प्रथम मेरिट सूची शुक्रवार को सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा। 19 जुलाई से प्रवेश शुरू होंगे। प्रथम मेरिट की वैद्यता 22 जुलाई तक रहेगी। प्राचार्य के अनुसार, काउंसलिंग के लिए किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 से दोपहर तीन बजे चयनित अभ्यर्थी आ सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि एलएलबी और पीजी पाठयक्रमों की पंजीकरण तिथि 25 जुलाई और बीसीए, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए आईबी, बीपीएड की 22 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

## i-NEXT PAGE 2

# जेनेटिक्स और मैथ्स के सवालों ने उलझाया

### बायोकेमिस्ट्री, बीएलआईसी, पब्लिक हेल्थ का हुआ एग्जाम

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (17 July):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम की शुरुआत हो गई है. गुरुवार को पीजी एंट्रेंस का पहला दिन था, जिसके तहत सुबह फर्स्ट मीटिंग में बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, पब्लिक हेल्थ और एंथ्रोपोलॉजी का एग्जाम हुआ. वहीं, दोपहर में सेकेंड मीटिंग में अप्लाईड ज्योग्राफी, एजुकेशन, बीलिब, बायोकेमेस्ट्री, एमलिब और पब्लिक हेल्थ का एग्जाम हुआ. फर्स्ट मीटिंग में टोटल 983 कैंडिडेट्स को एग्जाम देना था, वहीं सेकेंड मीटिंग में 584 कैंडिडेट्स थे. बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने एग्जाम छोड़ भी दिया.एग्जाम देकर निकले बायोटेक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स से बात करने पर उन्होंने बताया कि एग्जाम का लेवल ठीक था, बस मैथ्स के सवाल थोड़े टफ थे. वहीं, बीलिब वाले बच्चों का कहना था कि करेंट अफेयर्स से काफी सवाल पूछे गए .

### ओल्ड कैंपस में होंगे एग्जाम

शुक्रवार को फर्स्ट मीटिंग में इंग्लिश, माइक्रोबायोलॉजी और मैथ्स का एग्जाम होना है, जो ओल्ड कैंपस में होगा. वहीं, सेकेंड मीटिंग में फॉरेन्सिक साइंस, एमपीएड और पॉलिटिकल साइंस का एंट्रेंस होगा. ये एग्जाम यूनिवर्सिटी के ओल्ड कैंपस में होंगे. फर्स्ट मीटिंग के एग्जाम के लिए 1330 कैंडिडेट्स रजिस्टर्ड हैं, वहीं शाम की मीटिंग में 1292 कैंडिडेट्स शामिल होंगे.



### कैंडिडेट्स को हुई परेशानी

लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी कोर्सों में इंट्रेंस एग्जाम के पहले दिन कई अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में समय की गड़बड़ी को लेकर परेशान हो गए. कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर पीएम की जगह एएम छपा था तो कई में समय भी गलत लिखा था. एमएससी बायोमेस्ट्री की परीक्षा देने आए परीक्षार्थी ने बताया, प्रवेश पत्र पर विश्वविद्यालय कापी पर सुबह की शिफ्ट अंकित है, जबकि अभ्यर्थी की कापी पर शाम का समय दिया है.



मैं पूरी तैयारी के साथ गया था. पेपर में करेंट अफेयर्स पर फोकस था. सवाल भी थोड़े ट्रिकी पूछे गए थे. मेरा पेपर तो ठीक गया है. अब आगे देखते हैं क्या होता है.

मनीष



पेपर में आए जेनेटिक्स के सवाल काफी उलझाने वाले थे. बहुत देर तक माथापच्ची करनी पड़ी. पेपर टफ तो नहीं था, लेकिन मॉडरेट से लेवल अप था. जिससे थोड़ा दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

अदिति सिंह



बायोकेमिस्ट्री में केमेस्ट्री के सवाल थोड़ा टफ आए थे. करेंट अफेयर्स ठीक था. कुल मिलाकर कहा जाए तो पेपर ठीक ठाक ही था. मैं पूरी तैयारी के साथ पेपर देने आई थी. पेपर अच्छा गया है. उम्मीद है सिलेक्शन हो जाएगा. दीक्षा

# एलयू और एल्सेवियर के बीच होगा कोलैबोरेशन

### रिसर्च स्टूडेंट्स को होगा फायदा, फ्री में एक्सेस कर सकेंगे दुनिया के फेमस जर्नल्स

**LUCKNOW (17 July, inext):** एलयू की टैगोर लाइब्रेरी स्टूडेंट्स के लिए लगातार सिस्टम अपग्रेड कर रही है. लाइब्रेरी के रिमोट एक्सेस माईलॉफ्ट रिसर्चर्स और पीजी स्टूडेंट्स के बीच काफी पॉपुलर हो रहा है, यही रीजन है कि इस सिस्टम को सब्सक्रिप्शन में एक साल में 781 परसेंट की ग्रोथ मिली है. वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की हेल्प से लाइब्रेरी एल्सेवियर के साथ कोलैबोरेशन करने जा रही है. जिससे स्टूडेंट्स दुनिया भर के पॉपुलर जर्नल्स को भी एक्सेस कर पाएंगे. जानकारी के मुताबिक, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन के तहत 1995 के बाद के जर्नल्स एक्सेस किए जा सकते हैं, जिसकी वजह से टैगोर लाईब्रेरी ने पुराने जर्नल्स भी खरीदें हैं, जिन्हें माईलॉफ्ट के जरिए एक्सेस कर सकते हैं.

### क्या है एल्सेवियर

एल्सेवियर एक वर्ल्ड फेमस पब्लिशिंग कंपनी है, जो साइंस, टेक्नोलॉजी और सोशल साइंस के वर्ल्ड फेमस जर्नल्स को पब्लिश करती है. एल्सेवियर के साथ कोलैबोरेशन से लखनऊ यूनिवर्सिटी के रिसर्च स्टूडेंट्स को काफी फायदा होगा, क्योंकि ना सिर्फ उन्हें दुनियाभर के जर्नल्स का एक्सेस मिलेगा बल्कि वो सर्टिफाइड डाटा भी कलेक्ट कर पाएंगे.

### स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग

एल्सेवियर से कोलैब होने के बाद 30 जुलाई को एल्सेवियर यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को साइंस डायरेक्ट एआई ट्रेनिंग देने की शुरुआत करेगा. जिसके लिए टाइम टू टाइम वर्कशॉप्स का आयोजन किया जाएगा और स्टूडेंट्स को रिसर्च के फील्ड में एआई के यूज, ग्रोथ के बारे में जानकारी मिलेगी.

## TOI PAGE 3

# 240 professionals apply for 30 seats in LU executive MBA course

Times News Network

**Lucknow:** From civil servants to govt officials, Lucknow University's executive MBA course is attracting many applicants.

Till date, LU has received 240 applications for admission to 30 seats of the course.

According to LU officials, the Executive MBA programme, designed for working professionals seeking to advance their careers and enhance their leadership skills, offers the ease of studying while working without the need to visit the campus.

The two-year, full-time course focuses on practical application and strategic thinking, aiming to develop analytical and innovative thinkers capable of tackling complex management challenges. This has aligned well with the work profiles of several individuals.

"Not just our Executive MBA course, but all our management courses have received a good response in terms of applications. The biggest reason behind this positive response is the complete rejuvenation of our management education, under which our management department was made a management faculty," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

He said that earlier several types of management courses were being run. For example, different types of BBA courses were running, all of which were synchronised, and only those in demand by the industry or employment-oriented courses are being offered in accordance with the National Education Policy. As a result, the response for all our management courses improved, and there is a rise in demand from 6% to 13%.

"Our Executive MBA further strengthens our management faculty as it brought in a new set of students who were working professionals from different sectors, including even those who are in top positions in their organisations. It's just one year since the introduction of this course, and this year its demand has increased manifold," said the VC.

He said that the programme's flexible structure allows participants to balance their professional commitments whilst pursuing higher education. Many applicants are drawn to the networking opportunities the course provides, as it brings together professionals from various sectors. The overwhelming response, with 240 applications for just 30 seats, demonstrates the programme's reputation and relevance.



**MAKING LEADERS:** LU course allows participants to balance their professional commitments while pursuing higher education

# New 'spiritual' spots in Tagore Library of LU evoke reflection

Anjanaya Singh | TNN

**Lucknow:** To enhance academic rigor and cultural consciousness, Lucknow University is set to introduce two dedicated spaces at its Tagore Library, a PhD Corner for research scholars and a Swami Vivekananda Corner to honour legacy of one of the greatest spiritual leaders. The twin initiatives are part of the university's broader mission to create a library environment that caters equally to knowledge production and intellectual inspiration.

The PhD Corner will offer a focused and resource-rich environment specifically for doctoral scholars. Designed with individual research cabins, the space will be equipped with computers, high-speed Internet, digital databases, citation tools and statistical software. Departments will be allotted specific time slots for access, ensuring a balanced and organised use of the facility.

Meanwhile, Swami Vivekananda Corner will serve as a spiritual and philosophical retreat within the library. It will feature a curated collection of books authored by Vivekananda, as well as biographies and scholarly works on his life and teachings. The corner will also display replicas of his robes, slippers, walking stick and other symbolic artifacts, creating an immersive atmosphere that reflects his ascetic lifestyle and enduring influence.

Honorary Librarian of Tagore Library, Keya Pandey, said, "With PhD Corner and Swami Vivekananda Corner, the library is turning into a holistic space that nurtures intellectual and inner growth. On one hand, our scholars will gain access to a structured, tech-enabled research facility, while on the other, they will have a contemplative zone inspired by one of India's most visionary thinkers."




Artist's impression of Swami Vivekananda Corner

## AMRIT VICHAR PAGE 8

# 18 साल बाद फिर शुरू हो सकता है लविवि में डीलिट पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है। करीब 18 साल के अंतराल के बाद डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डीलिट) पाठ्यक्रम को फिर से शुरू करने की कवायद चल रही है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय त्वरित स्नातक कार्यक्रम भी शुरू कर रहा है, जिससे छात्र अपनी स्नातक की डिग्री पारंपरिक तीन या चार वर्षों के बजाय दो वर्षों में पूरी कर सकते हैं। डॉक्टर ऑफ लिटरेचर को फिर से शुरू करने और इसके कार्यान्वयन के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

त्वरित स्नातक के लिए छात्र प्रति सेमेस्टर अधिक क्रेडिट लेकर या ग्रीष्मकालीन पाठ्यक्रम पूरा करके अपनी स्नातक की डिग्री जल्दी पूरी कर सकते हैं। विश्वविद्यालय नए शैक्षणिक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए योजना को अंतिम रूप दे रहा है। पीएचडी अध्यादेश में भी संशोधन करके इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। जिससे छात्रों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्व बढ सके। इन नए सुधारों से छात्रों को उच्च शिक्षा में अधिक विकल्प और अवसर मिलने की उम्मीद की जा रही है।

### परास्नातक के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आज दो पाली में

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 के लिए आज दो पालियों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। जिसमें अंग्रेजी, माईक्रोबायोलाजी, गणित की परीक्षा प्रथम पाली में जबकि दूसरी पाली में फारेंसिक विज्ञान, एमपीएड, राजनीति विज्ञान की आयोजित है। प्रथम पाली में 1330 जबकि दूसरी पाली में 1292 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया गया है कि प्रवेश पत्र में उल्लिखित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं उनका पालन करें।

### स्नातक प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक प्रवेश परीक्षा (सत्र 2025-26) के अंतर्गत उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज के यूजी प्रोग्राम पर उपलब्ध करा दिया है। जिन अभ्यर्थिया ने प्रवेश परीक्षा दी है, वे उत्तर-कुंजी का मिलान कर सकते हैं। जारी की गई उत्तर कुंजी में बीबीए, बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम एनईपी, बीईआईईडी, एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम शामिल है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# स्नातक के पांच कोर्स की उत्तर कुंजी जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर के प्रवेश परीक्षा के पांच कोर्स की उत्तर कुंजी बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि बीबीए, बीकॉम , बीएलएड, पंचवर्षीय एलएलबी समेत पांच कोर्स के अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज में जाकर उत्तर कुंजी से मिलान कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

# लविवि: पीजी प्रवेश परीक्षा आज

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को परास्नातक स्तर के छह पाठ्यक्रमों की सीटों पर प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहली पाली में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी और मैथ्स के लिए परीक्षा होगी। दूसरी पाली में शाम तीन से 4:30 के बीच फोरेंसिक साइंस, एमपीएड, पॉलिटिकल साइंस की सीटों पर प्रवेश परीक्षा होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : पांच कोर्सों की आंसर-की जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को स्नातक के पांच और कोर्सों की कटआफ जारी कर दी। इनमें बीबीए, बी.काम आनर्स, बी.काम एनईपी, बीएलएड और एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स शामिल है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से इसका मिलान कर सकते हैं। वहीं, लवि ने पीजी प्रवेश के लिए हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एम.काम अप्लाइड इकोनामिक्स और जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए। (जासं)